अव्यवस्था कुंभ के बाद स्टेशन की सुरक्षा व्यवस्था बेअसर, सूने पड़े प्रवेश द्वार

बिना जांच प्लेटफॉर्म तक पहुंच रहे लोग

जबलपुर। मुख्य रेलवे स्टेशन पर कभी सुरक्षा व्यवस्था का कड़ा पहरा देखने को मिलता था, लेकिन अब हालात बिल्कुल बदल चुके हैं। महाकुंभ के दौरान रेलवे प्रशासन, रेल सुरक्षा बल (आरपीएफ) और जीआरपी द्वारा यात्रियों की सुरक्षा को लेकर विशेष इंतजाम किए गए थे। स्टेशन के हर प्रवेश द्वार पर सुरक्षा कर्मियों की तैनाती, सामान की स्कैनिंग, मेटल डिटेक्टर से जांच और संदिग्ध गतिविधियों पर लगातार नजर रखी जाती थी। उस दौरान बिना जांच किसी भी व्यक्ति को प्लेटफॉर्म तक पहुंचने की अनुमति नहीं थी, जिससे यात्रियों में भी सुरक्षा का भरोसा बना हुआ था। लेकिन कुंभ समाप्त होने के बाद धीरे-धीरे यह पूरी व्यवस्था सिमटती चली गई और अब अधिकांश स्थानों पर सुरक्षा इंतजाम केवल औपचारिकता बनकर रह गए हैं। वर्तमान में स्टेशन के प्लेटफॉर्म क्रमांक 1 और 6 के प्रवेश द्वारों का नजारा चिंताजनक दिखाई देता है। जहां पहले आरपीएफ और जीआरपी के जवान लगातार तैनात रहते थे, वहां अब अधिकांश समय केवल सूने गेट नजर आते हैं। कई बार यात्रियों को प्रवेश द्वार पर कोई सुरक्षा कर्मी दिखाई ही नहीं देता। इसका फायदा उठाकर ऑटो चालक, टैक्सी चालक, यात्रियों के परिजन और अन्य लोग बिना किसी रोक-टोक स्टेशन परिसर और प्लेटफॉर्म तक पहुंच रहे हैं। न तो नियमित रूप से सामान की जांच हो रही है और न ही प्रवेश करने वालों की प्रभावी निगरानी की जा रही है। इससे स्टेशन की सुरक्षा व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े हो रहे हैं।

कभी भी हो सकती है बड़ी दुर्घटना

रेलवे स्टेशन को हमेशा संवेदनशील स्थान माना जाता है, जहां प्रतिदिन हजारों यात्रियों का आवागमन होता है। ऐसे में सुरक्षा जांच में ढिलाई किसी भी समय बड़ी चूक साबित हो सकती है। यात्रियों का कहना है कि जब विशेष आयोजनों के दौरान इतनी मजबूत सुरक्षा व्यवस्था लागू की जा सकती है, तो सामान्य दिनों में भी उसका एक निश्चित स्तर बनाए रखना जरूरी है। बिना जांच प्लेटफॉर्म तक लोगों की आवाजाही से असामाजिक तत्वों के प्रवेश की आशंका भी बढ़ जाती है। सुरक्षा एजेंसियों द्वारा समय-समय पर देशभर के रेलवे स्टेशनों पर अलर्ट जारी किए जाते हैं, इसके बावजूद जबलपुर जैसे महत्वपूर्ण जंक्शन पर सुरक्षा व्यवस्था कमजोर पड़ती दिखाई दे रही है। यात्रियों का यह भी कहना है कि स्टेशन परिसर में केवल प्रवेश द्वारों पर ही नहीं, बल्कि प्लेटफॉर्म और फुटओवर ब्रिज पर भी सुरक्षा बलों की नियमित गश्त पहले की तुलना में कम नजर आती है।

उड़ीसा से आया 6.38 लाख का गांजा, दो सौदागर पकड़ाए

नवभारत, जबलपुर। क्राइम ब्रांच एवं सिविल लाइन पुलिस ने संयुक्त कार्यवाही करते हुए रेल्वे स्टेशन प्लेटफार्म न. 6 के बाहर मैट्रो बस स्टॉप के पास दबिश देकर दो नशे के सौदागरों को गिरफ्तार किया है जिनके कब्जे से उडिसा से लाया गया 12 किलो 761 ग्राम गांजा कीमती लगभग 6 लाख 38 हजार रूपये समेत नगद 7 हजार 31 रूपये एवं 2 मोबाईल जप्त किया गया है। सिविल लाईन थाना प्रभारी स्वप्निल दास ने बताया कि रेल्वे स्टेशन के पास घेराबंदी कर राजा उर्फ विशाल सोनकर 45 वर्ष निवासी घमापुर चौक खटीक मोहल्ला बेलबाग, एवं रोहित चौधरी 22 वर्ष निवासी घमापुर को दबोचा गया। तलाशी लेने पर दोनों आरोपियों के कब्जे से 12 किलो 761 ग्राम अवैध मादक पदार्थ गांजा एवं नगद 7 हजार 31 रूपये, 2 मोबाईल जप्त किए गए। पूछताछ करने पर रेल्वे स्टेशन कन्टाबांजी उडिसा जाकर एक मोबाईल के धारक से सम्पर्क कर गांजा स्वयं बेचने के लिए लाना बताये। आरोपियों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्रवाई की गई ।

जनाक्रोश के आगे झुका निगम, सड़कों का मरम्मत कार्य शुरू

क्षेत्रीय नागरिकों ने ली राहत की सांस

नवभारत, जबलपुर। लंबे समय से बदहाल सड़क और जानलेवा गड्ढों से जूझ रहे नागरिकों की आवाज आखिरकार रंग लाई। लगातार विरोध और जनदबाव के बाद नगर निगम प्रशासन हरकत में आया और गोपाल होटल चौराहे से सड़क के गड्ढे भरने तथा पेचवर्क का कार्य शुरू कर दिया। इससे स्थानीय लोगों और व्यापारियों में राहत की सांस ली है।

गौरतलब है कि तीन वार्डों को जोड़ने वाले गोपाल होटल चौराहे से झमनदास चौक तक का मार्ग पिछले काफी समय से जर्जर हालात में था। सड़क पर जगह-जगह बने बड़े गड्ढों के कारण वाहन चालकों को रोजाना दुर्घटनाओं का खतरा बना रहता था। बारिश के दौरान स्थिति और भी गंभीर हो जाती थी। कई बार वाहन फंसने, गिरने और जाम लगने जैसी घटनाओं से नागरिकों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा था। व्यापारियों का कहना था कि बदहाल सड़क के कारण ग्राहकों की आवाजाही भी प्रभावित हो रही थी। स्थानीय नागरिकों और व्यापारी संघ ने समस्या के समाधान के लिए राजू उपाध्याय और शैलेंद्र सिंह परिहार के नेतृत्व में नगर निगम प्रशासन को पिछले दिनों ज्ञापन सौंपते हुए दो दिन के भीतर सड़क की मरम्मत शुरू कराने की मांग की थी। आक्रोशितजनों ने चेतावनी दी थी कि यदि समय पर कार्रवाई नहीं हुई तो धरना-प्रदर्शन किया जाएगा।जनता के बढ़ते आक्रोश और आंदोलन की चेतावनी को गंभीरता से लेते हुए नगर निगम प्रशासन ने तत्काल सड़क मरम्मत का कार्य शुरू करा दिया। अधिकारियों ने भरोसा दिलाया है कि अगले दो से तीन दिनों के भीतर गोपाल होटल चौराहे से झमनदास चौक तक पूरे मार्ग के गड्ढे भर दिए जाएंगे, जिससे आम नागरिकों को सुरक्षित और सुगम आवागमन की सुविधा मिल सकेगी। सड़क मरम्मत कार्य शुरू होने पर स्थानीय निवासी बृजेश सिंह ठाकुर सहित क्षेत्र के व्यापारियों और नागरिकों ने संतोष व्यक्त करते हुए कहा कि यदि जनहित के मुद्दों पर प्रशासन इसी तरह तत्परता दिखाए तो शहर की अनेक समस्याओं का समाधान संभव है। जनसमस्याओं से जुड़े मुद्दों पर क्षेत्रीय प्रतिनिधियों ने भी कहा की इलाके की अन्य जर्जर सड़कों एवं नागरिक सुविधाओं से जुड़े मुद्दों के निराकरण के लिए वे आगे भी लगातार जनहित की आवाज बुलंद करते रहेंगे।

एक नजर में

कलेक्ट्रेट जनसुनवाई में सामने आए 155 आवेदन

नवभारत, जबलपुर। कलेक्टर राघवेंद्र सिंह ने कलेक्टर कार्यालय में मंगलवार को आयोजित जनसुनवाई में नागरिकों की समस्याएं सुनीं और संबंधित विभागों के अधिकारियों को त्वरित निराकरण के निर्देश दिए। साप्ताहिक जनसुनवाई में आज नागरिकों से कुल 155 आवेदन प्राप्त हुए। इनमें 52 दोबारा आए आवेदन भी शामिल थे। जनसुनवाई में आए आवेदनों में गौशाला निर्माणए अतिक्रमणए नामांतरण, नक्शा सुधार, गुमशुदा की तलाश, वरिष्ठ नागरिक भरण पोषण, जर्जर मकान गिराने, अवैध कॉलोनी, धान भुगतान, आर्थिक सहायता, सीमांकन आदि से संबंधित रहे। जनसुनवाई के दौरान अपर कलेक्टर नीता राठौर, रविशंकर राय, ए के सिंह, शैलेंद्र सिंह तथा सभी संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

हर घर तिरंगा अभियान की तैयारियों को लेकर बैठक आज

जबलपुर। जिले में हर घर तिरंगा अभियान के प्रभावी क्रियान्वयन को लेकर बुधवार 5 अगस्त को सुबह 11 बजे कलेक्टर कार्यालय के सभाकक्ष में सभी विभागों के कार्यालय प्रमुखों की बैठक आयोजित की जायेगी। अपर कलेक्टर की अध्यक्षता में आयोजित इस बैठक में 9 अगस्त से 17 अगस्त तक चलने वाले शहर घर तिरंगा अभियान की विभागवार कार्ययोजना, विभिन्न जनजागरूकता गतिविधियों तथा व्यापक जनभागीदारी सुनिश्चित करने की रणनीति पर चर्चा होगी। बैठक में 15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस के कार्यक्रमों की तैयारियों की समीक्षा भी की जाएगी। साथ ही राष्ट्रगान वंदे मातरम् के 150 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर आयोजित किए जाने वाले कार्यक्रमों की रूपरेखा, सभी शासकीय कार्यक्रमों में सामूहिक राष्ट्रगान की व्यवस्था तथा अभियान से जुड़ी गतिविधियों की फोटो एवं वीडियो रिपोर्टिंग कर पोर्टल पर अपलोड करने की कार्यवाही पर भी विचार .विमर्श होगा।

डेयरी संचालक की कार पर बरसाए पत्थर

फोन कर बुला कर्मचारी ने साथियों संग की वारदात

नवभारत, जबलपुर। अधारताल थाना अंतर्गत ग्राम खैरी में बीती रात एक डेयरी संचालक को उसी के कर्मचारी ने फोन कर पानी की टंकी के पास बुलाया और फिर अपने गुर्गे साथियों के साथ मिलकर हमला कर दिया। हमलावरों ने पीड़ित की कार पर पत्थरों से ताबड़तोड़ हमला कर उसे बुरी तरह क्षतिग्रस्त कर दिया और जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गए। पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है।

पुलिस के मुताबिक खैरी निवासी डेयरी संचालक मोहम्मद आसिफ को बीती रात करीब 12:30 बजे उनकी डेयरी में काम करने वाले कर्मचारी अमन कोल का फोन आया। अमन ने उन्हें खैरी स्थित पानी की टंकी के पास मिलने के लिए बुलाया। कर्मचारी का फोन आने पर आसिफ अपने दोस्त समीम की कार क्रमांक एमपी 20 सी एफ 5647 लेकर निकले। कार में उनके साथ तनवीर कुरैशी, सहरोज कुरैशी और फैजान भी मौजूद थे। जैसे ही आसिफ अपने दोस्तों के साथ खैरी पानी की टंकी के पास पहुंचे, वहां पहले से घात लगाए बैठे अमन कोल, निक्की उर्फ नवाब उर्फ निखिल और उनके अन्य साथियों ने बीच रास्ते में गाड़ी को रोक लिया।

इससे पहले कि आसिफ कुछ समझ पाते, आरोपियों ने कार पर भारी पत्थरों से हमला कर दिया। हमलावरों ने कार का सामने का कांच, बोनट, साइड ग्लास, सामने का बंपर और लेफ्ट साइड का फेंडर पूरी तरह तोड़कर भारी नुकसान पहुंचाया। पथराव के दौरान आरोपी लगातार अभद्र करते हुए जान से मारने की धमकी दे रहे थे।

चार सूने घरों में चोरों का धावा, लाखों का माल ले गए

नवभारत, जबलपुर । शहर में चोरों ने चार सूने घरों में धावा बोलते हुए सोने चांदी के जेवरात, नगदी समेत लाखों का माल पर कर दिया। यह वारदातें अधारताल, विजय नगर, गोरखपुर, पनागर थाना क्षेत्र में हुई। पुलिस ने चोरों ही मामलों में अज्ञात चोरों के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर लिया है।

अधारताल पुलिस के मुताबिक विजय कुमार काछी निवासी सुभाष नगर महाराजपुर अधारताल में रहते है और चिकित्सा विभाग से सेवानिवृत्त है। मंगलवार को उन्होंने रिपोर्ट दर्ज कराई कि वह पत्नी उषा काछी को साथ लेकर उमरिया पनागर खेती किसानी के काम से चला गया था। मंगलवार सुबह करीबन 7:30 बजे वापिस लौटे तो मकान के मुख्य दरवाजे का ताला टूटा हुआ था। घर के अंदर रखा सारा सामान बिखरा पड़ा था। अलमारी में रखा सोने चांदी के जेवरा, नगदी रकम करीब 50,000 रूपए गायब थी। इसी प्रकार गोरखपुर पुलिस के मुताबिक बब्ली मेश्राम पति विजय मेश्राम 38 वर्ष मांडवा में किराये के मकान में रहती है। छोटी बेटी शिवानी मैश्राम का स्वास्थ्य खराब होने से वह सिंधी कैंप वाले घर ताला लगाकर चली गयी थी। सुबह करीब 8 बजे सिंधी केंप से मांडवा पहुंची तो देखा मकान के दरवाजे का ताला टूटा हुआ था। अलमारी का भी ताला टूटा हुआ मिला जिसमें रखे जेवरात, नगदी करीबन 20000 गायब थे। इसी प्रकार पनागर थाने में सरोज काछी 50 वर्ष निवासी महगवां ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि बेटी स्वाति काछी के साथ घर पर ताला लगाकर धान की रूपाई करने खेत गयी थी शाम लगभग 5 बजे घर वापस आने पर ताला टूटा मिला। ड्रम में रखे सोने चांदी के जेवर, नगदी 10 हजार रूपये गायब थे ।

पुणे में बेटा, अमेरिका गया परिवार, घर में हुई चोरी

विजय नगर पुलिस ने बताया कि आदित्य वर्मा निवासी वार्ड न.72 कचनार सिटी फेस -2 में रहते है । पुणे महाराष्ट्र में आईटी कम्पनी में जॉब करते है। 8 जुलाई को माता पिता अमेरिका में उसकी बहन अदिती वर्मा के यहां गये थे वह भी पुणे में था, घर पर कोई नहीं था केवल काम करने वाली बाई बबली घर के आंगन एवं पोर्च की साफ सफाई करने के लिए आती रहती थी। 1 अगस्त को घर में चोरी होने की सूचना मिली। 3 अगस्त को पुणे से अपने घर वापस आया तो देखा घर के मुख्य दरवाजे का लॉक टूटा हुआ था एवं घर के अन्दर रखी आलमारी भी खुली थी जिसमें रखे जेवर, कैमरा गायब था।

शराब दुकान के बाहर खुलेआम हो रही शराबखोरी

नवभारत, जबलपुर। त्रिपुरी चौक गढ़ा में संचालित शराब दुकान के आसपास फैली अव्यवस्थाओं, कथित दलालों की सक्रियता और मेट्रो बस स्टैंड पर अतिक्रमण के विरोध में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने गढ़ा थाना प्रभारी को और नगर निगम के संभागीय अधिकारी को ज्ञापन सौंपा।

कांग्रेस नेताओं ने आरोप लगाया कि शराब दुकान के आसपास असामाजिक गतिविधियों के कारण क्षेत्र का माहौल लगातार बिगड़ रहा है और आम नागरिकों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

दोषियों पर की जाए कार्रवाई

ज्ञापन में मांग की गई कि शराब दुकान के बाहर खुलेआम शराब पीने, हंगामा करने और कानून-व्यवस्था प्रभावित करने वाले लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए। साथ ही, यदि क्षेत्र में किसी प्रकार की अवैध दलाली या गैरकानूनी गतिविधियां संचालित हो रही हैं, तो उनकी निष्पक्ष जांच कर दोषियों पर कानूनी कार्रवाई की जाए। इसके अलावा, मेट्रो बस स्टैंड से अतिक्रमण हटाकर यात्रियों को सुरक्षित और सुगम आवागमन की सुविधा उपलब्ध कराने की भी मांग की गई। इस दौरान कांग्रेस नेताओं ने कहा कि यदि प्रशासन ने जल्द प्रभावी कार्रवाई नहीं की, तो जनहित में आंदोलन को और तेज किया जाएगा। उन्होंने पुलिस प्रशासन से क्षेत्र में नियमित गश्त बढ़ाने और कानून-व्यवस्था बनाए रखने की भी मांग की। इस दौरान गुड्डू तामसेतवार, लखन प्रजापति, नितिन सिंह, सचिन बाजपेई, ऋषभ मिश्रा, श्रेष्ठ ठाकुर, रोशन आनंद, मिस्टर जैन, प्रतीक चौकसे, दुर्गेश पाठक, दिनेश चौबे, आशू अली, विक्रम ठाकुर, मिथुन, नरेंद्र गुप्ता, सूर्य जैन सहित अन्य कांग्रेसी कार्यकर्ता मौजूद रहे।

एलएचबी कोचों में स्टिफनर प्लेट लगाकर संरक्षा सुदृढ़

जबलपुर। आर.डी.एस.ओ. के दिशा-निर्देशों के अनुपालन में पमरे के प्रधान मुख्य यांत्रिक अभियंता (पीसीएमई) शैलेंद्र सिंह रावत एवं मंडल रेल प्रबंधक कमल कुमार तलरेजा के मार्गदर्शन में जबलपुर मंडल के कोचिंग डिपो, जबलपुर द्वारा जुलाई 2026 के दौरान 500 से अधिक एलएचबी कोचों में मौजूदा स्टिफनर प्लेटों को संशोधित स्टिफनर प्लेटों से बदला गया. ये कार्य करने वाले कोचिंग डिपो के स्टाफ को पुरस्कृत किया गया आर.डी.एस.ओ. द्वारा विकसित संशोधित स्टिफनर प्लेट का उद्देश्य एलएचबी कोचों में अंडरफ्रेम की

संरचनात्मक मजबूती को बढ़ाना तथा ट्रेन पार्टिंग जैसी गंभीर घटनाओं की संभावना को प्रभावी रूप से रोकना है। समयबद्ध रूप से इस महत्वपूर्ण सुरक्षा संशोधन को लागू कर जबलपुर मंडल ने संभावित सुरक्षा जोखिमों को कम करते हुए रेल संचालन को और अधिक सुरक्षित एवं विश्वसनीय बनाया है। यात्रियों की सुरक्षा भारतीय रेल की सर्वोच्च प्राथमिकता है। इसी उद्देश्य से जबलपुर मंडल आधुनिक अनुरक्षण पद्धतियों, आर.डी.एस.ओ. के सुरक्षा मानकों तथा निर्धारित संशोधनों को समयबद्ध रूप से लागू कर रेल संरक्षा को निरंतर सुदृढ़ कर रहा है।

मोबाइल हैक कर फैक्ट्री कर्मी के खाते से 3.80 लाख पार

नवभारत, जबलपुर। रांझी थाना अंतर्गत मानेगांव में एक शातिर हैकर ने खमरिया फैक्ट्री के कर्मचारी का फोन हैक कर पांच दिनों के भीतर उनके बैंक खाते से 4.80 लाख रुपये उड़ा दिए। हालांकि, पीड़ित की सूझबूझ और सायबर सेल की कार्रवाई से अंतिम ट्रांजैक्शन के 1 लाख रुपये वापस बचा लिए गए। पुलिस ने बताया कि मानेगांव, रांझी निवासी 35 वर्षीय विजय भलावी खमरिया फैक्ट्री में नौकरी करते हैं। उनका सैलरी अकाउंट बैंक ऑफ इंडिया की खमरिया शाखा में है। शातिर जालसाज ने उनके मोबाइल का पूरा एक्सेस अपने हाथ में ले लिया था। इसके बाद आरोपी ने यूपीआई के माध्यम से किस्तों में रकम ट्रांसफर की। पीड़ित को तुरंत ट्रांजैक्शन के मैसेज नहीं मिल सके। लेकिन बाद में जब 1 लाख कटने का अलर्ट मोबाइल पर आया, तब विजय ने फौरन फोन बैंकिंग के जरिए अपना पूरा स्टेटमेंट चेक किया। पिछले पांच दिनों में कुल 4 लाख 80 हजार रुपये गायब देखकर उनके होश उड़ गए। धोखाधड़ी का अहसास होते ही विजय भलावी ने बिना एक पल गंवाए तुरंत सायबर सेल की राष्ट्रीय हेल्पलाइन नंबर पर संपर्क किया। सायबर एक्सपर्ट्स ने तत्काल कार्रवाई करते हुए कटे 1 लाख रुपये को होल्ड कराकर पीड़ित के खाते में सुरक्षित वापस करा दिया। हालांकि, आरोपी 3 लाख 80 हजार रुपये ट्रांसफर करने में कामयाब हो चुका था।

रेलवे निर्माण विभाग की पॉकेट बुकलेट का हुआ विमोचन

जबलपुर। पश्चिम मध्य रेलवे के महाप्रबंधक श्री दिलीप कुमार सिंह ने मंगलवार को मुख्यालय में निर्माण विभाग द्वारा तैयार की गई 'सुरक्षा एवं गुणवत्ता चेकलिस्ट एवं पैरामीटर्स' पॉकेट बुकलेट का विमोचन किया। इस अवसर पर अपर महाप्रबंधक प्रमोद कुमार खत्री, वरिष्ठ उपमहाप्रबंधक एवं मुख्य सतर्कता अधिकारी नीरज कुमार, प्रमुख मुख्य संरक्षा अधिकारी मनोज गुरमुखि, मुख्य प्रशासनिक अधिकारी (निर्माण) एम.एस. हाशमी सहित विभागाध्यक्ष और निर्माण विभाग के

वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे। निर्माण कार्यों में सुरक्षा और गुणवत्ता के उच्चतम मानकों को सुनिश्चित करने के उद्देश्य से तैयार की गई इस पॉकेट बुकलेट में इंजीनियरिंग, विद्युत तथा सिग्नल एवं दूरसंचार (एस एंड टी) सहित निर्माण से जुड़े सभी विभागों के लिए आवश्यक सुरक्षा चेकलिस्ट, गुणवत्ता मानक, निरीक्षण बिंदु और महत्वपूर्ण पैरामीटर्स को सरल एवं व्यावहारिक रूप में शामिल किया गया है। यह पुस्तिका अधिकारियों, पर्यवेक्षकों और संवेदकों (ठेकेदारों) के लिए त्वरित संदर्भ मार्गदर्शिका के रूप में उपयोगी साबित होगी।

सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता

महाप्रबंधक दिलीप कुमार सिंह ने कहा कि रेलवे निर्माण कार्यों में सुरक्षा, गुणवत्ता और समयबद्धता सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने सभी अधिकारियों, पर्यवेक्षकों और संवेदकों से इस पुस्तिका का नियमित उपयोग कर निर्धारित मानकों का पालन सुनिश्चित करने का आह्वान किया।

एचबीए चुनाव : अध्यक्ष पद पर मृगेन्द्र सिंह सहित छह प्रत्याशी मैदान में उतरे

आज स्क्रूटनी के बाद साफ होगा मुकाबले का समीकरण

जबलपुर। हाईकोर्ट बार एसोसिएशन जबलपुर 2026-2028 कार्यकारिणी के चुनाव अंतर्गत मंगलवार को नामांकन पत्र जमा करने की अंतिम तिथि थी। इस दौरान साफ हुआ कि सोमवार व मंगलवार को मिलाकर कुल 75 नामांकन पत्र जमा किए गए हैं। 77 नामांकन पत्र क्रय किए गए थे, जिनमें से अध्यक्ष पद के दो दावेदारों ने नामांकन पत्र जमा नहीं किए। मुख्य चुनाव अधिकारी संजय सेठ ने बताया कि अध्यक्ष पद के लिए वरिष्ठ अधिवक्ता मृगेन्द्र सिंह, पूर्व अध्यक्ष संजय वर्मा व धन्य कुमार जैन, पूर्व सचिव परितोष त्रिवेदी, संपूर्ण तिवारी व शंभूदयाल गुप्ता के रूप में कुल छह प्रत्याशी मैदान में उतरे हैं। चुनाव अधिकारी हिमांशु तिवारी, राजकमल चतुर्वेदी, मनीष जैन, आशीष श्रीवास्तव, नितिन गुप्ता, सुधाकर मणि पटेल, एटी फरीदी, राकेश तिवारी, वंदना श्रोति ने बताया कि इस बार सचिव पद के लिए अधिवक्ता योगेश सोनी, असीम त्रिवेदी, रवींद्र गुप्ता, ओमशंकर विनय पांडे, शशांक उपाध्याय, अशोक मिश्रा, राजीव नयन मिश्रा के रूप में कुल सात प्रत्याशी मैदान में हैं। इसी तरह उपाध्यक्ष पद के लिए सत्येंद्र ज्योतिषी व सुशील मिश्रा सहित 16, महिला उपाध्यक्ष के लिए सुषमा पांडे सहित चार, कोषाध्यक्ष के लिए चार, सह सचिव के लिए छह व पुस्तकालय सचिव के लिए आठ प्रत्याशी मैदान में आए हैं। कार्यकारिणी सदस्य के लिए 19 नामांकन पत्र प्रस्तुत किए गए हैं। मतदान 17 अगस्त को होगा।

बैठक कुंडम में समितियों एवं खाद विक्रेताओं की बैठक आयोजित

उर्वरक वितरण की नई व्यवस्था के क्रियान्वयन को लेकर मंथन

नवभारत, जबलपुर। नई उर्वरक प्रणाली के सुचारु क्रियान्वयन को लेकर मंगलवार को तहसील कार्यालय कुंडेश्वरधाम में सेवा सहकारी समितियों एवं निजी उर्वरक विक्रेताओं की नई उर्वरक वितरण प्रणाली के संबंध में बैठक का आयोजन किया गया। अनुविभागीय राजस्व अधिकारी प्रगति गणवीर की अध्यक्षता में संपन्न हुई इस बैठक में बताया गया कि किसानों की सुविधा को देखते हुये राज्य शासन के निर्देशानुसार 1 अगस्त से ई.टोकन के माध्यम से उर्वरक वितरण के स्थान पर हाईब्रिड मोड व्यवस्था लागू की गई है। उर्वरक वितरण की इस व्यवस्था के तहत सहकारी समिति एवं निजी विक्रेता निर्धारित प्रारूप में उर्वरक वितरण की जानकारी तैयार करेंगे।

सहकारी समितियों एवं निजी विक्रेताओं को प्रतिदिन उर्वरक वितरण की जानकारी वरिष्ठ कृषि विस्तार अधिकारी कुंडम को देने के निर्देश दिये गये।

हाईब्रिड मोड वितरण व्यवस्था में होगा खाद वितरण

बैठक में ये भी बताया गया कि जिन किसानों की फार्मर आईडी नहीं हैं उन्हें भी हाईब्रिड मोड वितरण व्यवस्था में खाद वितरण किया जाएगा। समितियों एवं विक्रेताओं को वितरण पंजी अद्यतन रखने एवं जमाखोरी की सूचना तुरंत देने के निर्देश भी बैठक में दिये गये। इस दौरान उर्वरक विक्रेताओं द्वारा बताया गया कि वर्षा कम होने के कारण कुंडेश्वरधाम में अभी खाद की मांग कम हैं एवं भीड़ लगने की स्थिति निर्मित नहीं हो रहीं हैं।

कॉलेज छात्र, भाई पर हमला

जबलपुर। केंट थाना अंतर्गत सदर में पुरानी रंजिश को लेकर एक कॉलेज छात्र और उसके चचेरे भाई पर बीच सड़क पर हमला किया गया।

पुलिस के मुताबिक जी.के. हुसैन कंपाउंड, सदर निवासी अयान अहमद सेंट अलॉयसियस कॉलेज में बी.ए. प्रथम वर्ष का छात्र है। वह अपने चचेरे भाई फैजान के साथ मोटरसाइकिल से सिविल लाइन की तरफ से अपने घर लौट रहा था। जैसे ही वे शाम करीब 7 बजे सेंट थॉमस स्कूल के सामने मेन रोड पर पहुंचे, तभी रिहान, अथर्व और जय नाम के तीन युवकों ने अपनी मोटरसाइकिल उनके आगे अड़ाकर उन्हें जबरन रोक लिया। अयान के मुताबिक, तीनों आरोपियों ने पुरानी किसी बात का

खुन्नस निकालते हुएविवाद शुरू कर दिया। जब अयान ने इसका विरोध किया, तो आरोपी अथर्व ने अपनी गाड़ी की चाबी से अयान की पीठ पर जोरदार हमला किया, जिससे उसकी पीठ पर गहरा घाव हो गया और खून बहने लगा। बीच-बचाव करने आए चचेरे भाई फैजान पर आरोपी रिहान ने सड़क पर पड़ा ईंट का टुकड़ा उठाकर दे मारा। इस दौरान जय और रिहान ने दोनों भाइयों को लात-घूंसों से भी बेरहमी से पीटा।